तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026

4 जल अर्पण कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद





## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति धीमी

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शनिवार को रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार और पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए एक विशेष समीक्षा बैठक की और निर्माण स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रहे एक-एक कार्य का अवलोकन किया और निर्माण की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान कार्यों की गति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने अधिकारियों के प्रति अपनी असहमति जताई और निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा होना चाहिए ताकि यात्रियों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्टेशन को आधुनिक और सुगम बनाने के लिए कलेक्टर ने माल धक्का रोड और रेलवे स्टेशन रोड की ओर दो नए मुख्य प्रवेश द्वार बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आम नागरिकों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में एक आधुनिक नागरिक सुविधा केंद्र विकसित करने की योजना पर भी चर्चा की गई। प्रशासन की प्राथमिकता है कि स्टेशन का नया स्वरूप यात्रियों के लिए आरामदायक और सुविधाजनक हो। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा, रेलवे के सीनियर डिप्टी डीआरएम, कंस्ट्रक्शन विभाग के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैच में सट्टा लगा रहे एक सटोरिया गिरफ्तार



**रायगढ़।** अफगानिस्तान और कनाडा के बीच चल रहे मैच के लिए बाल टू बाल में सट्टा लगा रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरिया शहर के सबसे व्यस्तम हेमू कालाणी चौक स्थित कोलड्रिंक्स एंड पान सेंटर में सट्टा लिख रहा था। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और उसे पकड़ लिया। सटोरिया अफगानिस्तान व कनाडा के बीच खेले जा रहे टी20 विश्व कप क्रिकेट मैच पर बॉल टू बॉल सट्टा नोट कर रहा था। जमुनाईन चौक पर स्थित अजय कोलड्रिंक्स एवं पान सेंटर में हेमंत बत्रा नामक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन हार-जीत पर का दांव लगवा रहा था। पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर घेराबंदी किया। वहां हेमंत बत्रा अपने दुकान में बैठकर दो मोबाइल फोन के जरिए मैच पर बॉल टू बॉल ऑनलाइन सट्टा नोट कर रहा था। आरोपी हेमंत बत्रा ने क्रिकेट सट्टा संचालित करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वह हिमालया हाईट्स निवासी रोहित अग्रवाल के साथ मिलकर यह कार्य कर रहा था। सट्टे की रकम यूपीआई के माध्यम से प्राप्त की जाती थी। पूरा लेनदेन मुख्य खाईवाल मन्नु के लिए किया जाता था। आरोपी के कब्जे से दो फोन, नकद 2 हजार समेत 52 हजार जब्त किया गया है। जांच किया गया तो मोबाइल पर क्रिकेट सट्टा वेबसाइट पर सक्रिय आईडी संचालित होने की जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी हेमंत बत्रा पिता अजय कुमार बत्रा, 24 सिंधी कॉलोनी कच्ची खोली के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रकरण में अन्य आरोपी रोहित अग्रवाल और मन्नु की पहचान कर ली गई है, दोनों फरार हैं।

### बीते नवंबर में जमीनों की जारी हुई गाइड लाइन के बाद होने लगा था चौतरफा विरोध

# जहां जमीन बिकती नहीं वहां के रेट में कोई कटौती नहीं, आउटर के वार्डों की कीमत में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीते नवंबर में जारी जमीनों की गाइड लाइन का चौतरफा विरोध होने के बाद इसमें संशोधन कर केंद्रीय मुल्यांकन बोर्ड को भेजी गई थी। वहां से संशोणन किया गया है। हालांकि शहर का मध्य भाग जहां जमीन बिकती नहीं वहां के रेट में किसी तरह की कटौती नहीं की गई है। पहले जो रेट जारी की गई थी अभी भी वही कीमत है। निश्चित तौर पर आउटर के वार्डों में काफी कुछ बदलाव हुआ है। याने जहां कॉलोनियां विकसित हो रही हैं वहां जमीन की कीमतों में बदलाव किया गया है। इससे कॉलोनाइजरों को फायदा मिलने की बात कही जा रही है।

शहर के ज्यादातर इलाकों में कीमत पूर्व में जारी गाइडलाइन जैसा ही है, लेकिन आउटर और बाईपास क्षेत्र में काफी कुछ कटौती की गई है । आउटर की जमीन में कहीं-कहीं पूर्व की गाइडलाइन के रेट से करीब 60-70 फीसदी की कमी कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक संशोधित गाइडलाइन में नवंबर 2025 में घोषित गाइडलाइन दरों से वर्तमान दरें काफी कम हैं। इसमें भी केवल वर्ग मीटर की दरों में ही कमी दिख रही है। हेक्टेयर दरें पूर्ववत रखी गई हैं। शहर के मध्य वार्ड 18 दरोगापारा, गांधी गंज, वार्ड 17 बीड़पारा हटरी, वार्ड 19 भूपदेवगंज, वार्ड 20 जूना बड़पारा, वार्ड 15 दरोगापारा, वार्ड 4 जगतपुर, वार्ड 5, वार्ड 6 ढिमरापुर, वार्ड 7 इंदिरा नगर, वार्ड 25 कौहाकुंडा के रेट पहले की तरह हैं। कोतरा रोड बायपास में नवंबर की गाइडलाइन में रेट 78 हजार वर्गमीटर था जो संशोधन के बाद 30 हजार 500 वर्गमीटर किया गया है। इसी तरह छातामुड़ा नेशनल हाईवे में भी गाइडलाइन रेट 43 हजार से घटकर 21 हजार 500 रूपए प्रति वर्गमीटर तक किया गया है। प्रतिशत के अनुसार देखें तो यह कटौती शून्य से लेकर 73 प्रतिशत तक है।

#### जहां कॉलोनियां, उधर कीमत हुई कम

अभी सबसे ज्यादा कॉलोनियां छातामुड़ा, सहदेवपाली, अमलीभौना क्षेत्र में बन रही हैं। यहां के रेट आधे कर दिया गया है। छातामुड़ा सहदेवपाली वार्ड 41 में पहले एनएच किनारे 43 हजार और 10 हजार रुपए का रेट था जो अब 21500 रुपए और 10 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर हो गया है। पहले बस्ती के अंदर का रेट अलग था। अब एनएच में सहदेवपाली सीमा तक 18000 रुपए और 8000 रुपए प्रति वर्ग मीटर रेट कर दिया गया है। अमलीभौना में पहले रोड किनारे 43 हजार और अंदर 10 हजार रुपए दर थी जो अब क्रमशः 21500 रुपए और 7500 रुपए हो गई है।

#### गेजामुड़ा में रेट जस के तस

नवबंर की गाइडलाइन में सांगीतराई में सिंचित भूमि का सरकारी रेट 2 करोड़ 45 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर था। वहीं मुख्य मार्ग से अंदर वाली जमीन के लिए 1 करोड़ 60 लाख रूपए था। संशोधन के बाद इसे क्रमशः 1 करोड़ 49 लाख और 1 करोड़ प्रति हेक्टेयर रखा गया है। वहीं अदाणी की रेललाइन के लिए ग्रामीणों के विरोध के कारण प्रशासन के लिए सिरदर्द बना गेजामुड़ा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यहां 57 लाख और 40 लाख का ही रेट रखा गया है।

### हथियार लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेण्ड्री का है। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे रोड स्थित जगमोहन पेट्रोल पंप के पास बस स्टैंड प्रतीक्षालय के समीप एक युवक धारदार हथियार लेकर आने-जाने वालों को डरा रहा है। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं सीएसपी योगिता खापर्डे को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम तुषार कश्यप उम्र 20 वर्ष, निवासी पेण्ड्री जांजगीर होना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग बटनदार चाकू बरामद किया गया।

## एक साथ किया खाना-पीना, फिर दो दोस्तों ने तीसरे को उतारा मौत के घाट



**रायगढ़।** तीन दोस्त एक साथ बैठकर खाना-पीना किए। इस दौरान तीनों के बीच कुछ बातें ऐसी हो गई कि एक को दो दोस्तों ने पहले तो ईंट-पत्थर से मारा, फिर पेट्रोल डाला और जलाकर मारने की कोशिश किया। हालांकि इसके बाद भी वह मौत से लड़ रहा था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के मुख्य आरोपी को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी फरार है। खरसिया पुलिस ने मौहापाली खरसिया में युवक शिव प्रसाद पटेल की मारपीट कर आग से जलाकर हत्या करने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को चपले निवासी शिव प्रसाद पटेल 36 अपने मामा के घर मौहापाली गया था। जहां रात में वह मामा के घर से निकला और कुछ देर बाद गांव की गली में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उसके शरीर पर मारपीट और जलने के गंभीर निशान थे। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी 17 फरवरी को मौत हो गई। चक्रधरनगर पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर मामले की डायरी चौकी खरसिया थाना खरसिया भेजी गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें मृतक शिव प्रसाद पटेल को निलेश डेंजारे उर्फ निले और कृष्णा सोनवानी उर्फ गंगाराम के साथ अंतिम बार देखा गया। पुलिस टीम ने मुख्य संदेही निलेश डेंजारे उर्फ निले को रायगढ़ से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 16 फरवरी की रात वह अपने साथी कृष्णा सोनवानी उर्फ गंगाराम और मृतक शिव प्रसाद पटेल के साथ बैठकर खाना-पीना कर रहे थे। इसी दौरान मृतक ने उसके पूर्व में हुए पिता की मौत को लेकर शिव पटैल की टिप्पणी से नाराज होकर उनके बीच झगड़ा हुआ। जिसमें उसने और कृष्णा सोनवानी ने मिलकर शिव प्रसाद पटेल के साथ ईंट से मारपीट किया।

#### एक मृतक के बाइक तो दूसरा खुद की मोटर साइकिल से फरार

निलेश डेंजारे अपने मोटर साइकिल से फरार हो गया और कृष्णा सोनवानी उर्फ गंगाराम, शिव पटेल की बाइक लेकर फरार हुआ। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईंट, आरोपी द्वारा घटना के समय पहने कपड़े तथा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, आरोपी का मोबाइल जब्त कर ली है। आरोपी निलेश ने घटना के बाद घायल शिव पटेल का अपने मोबाइल से वीडियो बनाया था। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपी निलेश डेंजारे उर्फ निले 25 निवासी मौहापाली को हत्या के धारा 103,1, 3,5 भारतीय न्याय संहिता में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## जिले के चारों विधानसभा में अब 8 लाख 42 हजार 695 मतदाता, अंतिम सूची का हुआ प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




चार महीने तक चले एसआईआर की प्रक्रिया के बाद शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। चारों विधानसभा में अब 8 लाख 42 हजार 695 मतदाता शामिल हैं। हालांकि 1 जनवरी 2026 को जिसकी उम्र 18 साल पूरा हो चुका है वे भी नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। साल में तीन बार नाम जोड़ने का काम होगा है।

इस व्यापक प्रक्रिया के दौरान जिले के 1 हजार 217 बीएलओ ने कड़ी मेहनत करते हुए घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया और 9 लाख 14 हजार 669 मतदाताओं के मिलान एवं मैपिंग के कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। आधुनिकता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने 8 लाख 33 हजार 681 प्राप्त गणना फॉर्मों का पूर्णतः डिजिटलीकरण किया। सर्वेक्षण के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं की पहचान की गई और जिन मतदाताओं के गणना फॉर्म वापस नहीं मिले, उनकी पुष्टि के लिए राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ विशेष बैठकें आयोजित कर ऐसी सूचियों को जिला निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी सार्वजनिक किया गया। प्रारूप ड्राफ्ट सूची के पहले जिले में 9 लाख 14 हजार 669 मतदाता थे। प्रारूप ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद 8 लाख 33 हजार 681 मतदाता और मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 8 लाख 42 लाख 695 मतदाता पंजीकृत हैं। अंतिम सूची में शुद्ध रूप से 9,014 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई है।

#### फार्म 6 कर सकते हैं जमा

ऐसे युवा जो 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, लेंकिन उनका नाम सूची में नहीं है, वे अभी भी फॉर्म.6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आगामी अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 के संदर्भ में भी भावी मतदाताओं से फॉर्म.6 प्राप्त किए गए हैं और किसी भी त्रुटि सुधार हेतु फॉर्म.8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

#### ऐसे हैं विधानसभा में मतदाता

| विधानसभा | मतदाता |
|---|---|
| लैलूंगा | 1,97,302 |
| रायगढ़ | 2,34,021 |
| खरसिया | 2,05,963 |
| धरमजयगढ़ | 2,05,409 |

## हिंदी की परीक्षा भी देना चाहते हैं आदिवासी अंचल के छात्र-छात्राएं



**रायगढ़।** हिंदी विषय की परीक्षा को भी 10 वीं के बच्चे देना नहीं चाहते हैं। इसकी बानगी शनिवार को माशिमं की ओर से आयोजित 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में देखने को मिला। इसमें सबसे अधिका धरमजयगढ़ ब्लॉक में अनुपस्थिति की संख्या 71 है। इसी तरह रायगढ़ में 65 और खरसिया में 63 छात्र-छात्राएं अबसेंट रहे। परीक्षा में शामिल नहीं होने के कारणों की जानकारी तो नहीं मिली है, लेकिन यह काफी गंभीर मामला है।

शनिवार को 10 वीं बोर्ड के हिंदी विषय से परीक्षा की शुरुआत हुई है। इसके लिए सभी ब्लॉकों में 12033 रजिस्टर्ड थे। इसमें 11 हजार 721 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सभी ब्लॉकों में 312 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा देने के लिए पहुंचे ही नहीं। खास बात यह है कि दो आदिवासी ब्लॉक धरमजयगढ़ और खरसिया में अबसेंट की संख्या सबसे अधिक है। इअसी तरह रायगढ़ ब्लॉक में अबसेंट के मामले में अछूता नहीं है। यहां 65 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा सेंटर जाना मुनासिब नहीं समझा।

#### ऐसे रहे अबसेंट

| ब्लॉक | अबसेंट |
|---|---|
| धरमजयगढ़ | 71 |
| घरघोड़ा | 30 |
| खरसिया | 63 |
| लैलूंगा | 35 |
| पुसौर | 23 |
| रायगढ़ | 65 |
| तमनार | 25 |

## ट्रेलर से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** 19 फरवरी को घरघोड़ा टीआई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बैटरी चोरी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बैटरियां बरामद की गई हैं। प्रार्थी मुकेश कुमार झा पिता स्व. सुभाषचंद्र झा, 39 कृष्णा नगर कोरबा द्वारा 17 फरवरी को घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। बताया गया कि 2 नवंबर 2025 की रात करीब 11 से 12 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएन 8366 में लगे 02 नग बैटरी, नोजल, पंप एवं अन्य सामान चोरी हो गया। इन सामानों की कीमत करीब 45 हजार है। पुलिस ने धारा 303, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु किया। पुलिस ने आरोपी संतोष यादव पिता कैलाश यादव, 26 मंगलूडीपा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। उसने अपने साथी लक्ष्मीनारायण यादव के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने के कारण प्रकरण में धारा 3,5 भारतीय न्याय संहिता भी जोड़ी गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, आगे की विवेचना जारी है।

### आर्ष गुरुकुल तुरंगा में बलिदान शताब्दी महोत्सव संपन्न

# सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्रोत हैं स्वामी श्रद्धानंद: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





पुसौर विकासखंड के ग्राम तुरंगा स्थित आर्ष गुरुकुल आश्रम में स्वामी श्रद्धानंद के पावन बलिदान के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ष्स्वामी श्रद्धानंद बलिदान महामहोत्सव एवं राष्ट्र रक्षा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान तथा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना अरपा पैरी के धार के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका उपस्थित रहे। उन्होंने यज्ञ कुंड का दर्शन कर प्रदेश की सुख.समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। राज्यपाल श्री डेका ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी श्रद्धानंद एक महान समाज सुधारक, प्रखर शिक्षाविद् और वीर स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी आर्य समाज के प्रमुख स्तंभ थे और उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वर्ष 1902 में स्थापित गुरुकुल कांगड़ी के माध्यम से स्वामी ने प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति और आधुनिक विषयों का समन्वय प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रासंगिक है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी ने छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष किया।

#### प्राचीन गुरुकुल परंपरा को आश्रम कर रही है चरितार्थ

शनिवार को राज्यपाल रमेन डेका को पुसौर के दौरे पर रहे। इस दौरान वे तुरंगा स्थित आर्य गुरुकुल आश्रम में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान महोत्सव में शामिल हुए और राष्ट्र रक्षा के लिए यज्ञ में आहुति दी। राज्यपाल ने आश्रम परिसर में अन्नपूर्णा भवन का भूमिपूजन किया और गुरुकुल में पढ़ रहे बच्चों से मुलाकात कर आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद के त्याग और बलिदानों को याद करते हुए इसे अखंड भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान बताया। साथ ही मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जयंती समारोह में आकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हो रही है। आज हम सबने मिलकर स्वामी श्रद्धानंद के प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन गुरुकुल परंपरा को चरितार्थ करती यह शैक्षणिक संस्था निरंतर आगे बढ़े यह कामना है। प्रदेश में नक्सलवाद उन्मूलन के लिए चल रहे अभियान को लेकर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद खात्मे की ओर है। मार्च तक यह प्रदेश में पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अब बस्तर प्रगति के पथ की ओर आगे बढ़ रहा है। वहां इलेक्ट्रिसिटी की व्यवस्था हो रही है शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। बस्तर के लोग अब वहां से बाहर आ रहे हैं। 2 साल पहले लोग ऐसा सोच भी नहीं सकते थे।

## खबर संक्षेप

### ऑल ओडिशा ठेकेदार महासंघ के बैनर तले राउरकेला टीम का सशक्त प्रदर्शन

**राउरकेला।** ऑल ओड़िशा ठेकेदार संगठित महासंघ के तत्वावधान में राउरकेला सहित राज्यभर के ठेकेदारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राजधानी भुवनेश्वर में व्यापक और संगठित प्रदर्शन किया। उड़ीसा के विभिन्न जिलों सहित राउरकेला से दर्जनों की संख्या के साथ राज्य भर से हजारों की संख्या में पहुंचे ठेकेदारों ने शांतिपूर्ण रैली निकालते हुए सरकार तक अपनी आवाज़ बुलंद की। इस आंदोलन में राउरकेला की टीम ने भीबढ़ चढ़कर सक्रिय भागीदारी निभाई और एकजुटता का प्रभावशाली संदेश दिया। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध सुनवाई नहीं होती, तब तक वे कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। राउरकेला सरकारी ठेकेदार संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी टकराव के लिए नहीं, बल्कि अधिकारों और पारदर्शिता की मांग के लिए है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

### म्युनिसिपल कॉलेज में संयुक्त आत्मरक्षा शिविर का उद्घाटन

**राउरकेला।** प्रथम वर्ष के कला विज्ञान और वाणिज्य विद्यार्थियों के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन 19 फरवरी से 27 फरवरी तक सुबह 7.30 बजे से 9.30 बजे तक आठ दिनों के लिए म्युनिसिपल कॉलेज राउरकेला में आयोजित करने का फैसला किया गया है। इस शिविर का उद्घाटन कॉलेज के जाने माने प्रोफेसर हरिहर दाश ने किया और कहा कि यह ओडिशा सरकार की एक हाई प्रोफाइल पहल है जो लड़कियों को असमाजिक लोगों से खुद को बचाने और समाज में सभी की रक्षा करने में मदद करेगी। इस ट्रेनिंग कैंप को मास्टर ट्रेनर के तौर पर निक्की कुमारी कुशवाहा अश्मनी मिंज, गायत्री साहू, तुलसी साहू और स्वागतिका साहू चला रही हैं। ट्रेनिंग कैंप को कैप्टन सत्य नारायण राउत और कोऑर्डिनेटर वैदेही माझी की देखरेख में चलाया जा रहा है।

### कलेक्टोरेट में छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा का अनावरण

**जशपुरनगर।** जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने शनिवार 21 फरवरी को कलेक्टोरेट परिसर में छत्तीसगढ़ की महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जानें क्या है विशेषताएं-धान की बालियां कृषि और समृद्धि का प्रतीक मातृत्व रूप संरक्षण, स्नेह और पोषण का संकेत। सांस्कृतिक पहचान लोककला, परंपरा और छत्तीसगढ़ी गौरव का प्रतीक,राजधानी रायपुर में इसकी प्रसिद्ध प्रतिमा स्थापित है। मोर छत्तीसगढ़ का महत्व-राज्योत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष सम्मान लोगों में एकता और अपनी मिट्टी से जुड़ाव की भावना बढ़ाती है 'मोर छत्तीसगढ़' मेरा छत्तीसगढ़ की भावना को दर्शाती है।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए आवेदन जारी

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की जा चुकी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी प्रारंभ हो चुकी है, जो 1 अप्रैल तक चलेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष, अग्निवीर महिला तथा स्थाई कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि, वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है, तथा केवल योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।

## हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने दी बधाई

# जन्म दिन पर गृहग्राम बगिया पहुंचे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने 62वें जन्मदिवस के अवसर पर अपने गृहग्राम बगिया पहुंचे, जहां उनके आगमन पर उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। बगिया स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें आत्मीयता के साथ जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक गोमती साय, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार तथा प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य, भरत सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री के बगिया हेलीपैड पहुंचने पर टाटीडांड से आए करमा नर्तक दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक एवं मनमोहक करमा नृत्य प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका सम्मान पूर्वक स्वागत किया।



### बालक आश्रम में बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

विष्णुदेव साय ने अपना 62वां जन्म दिवस बगिया स्थित बालक आश्रम के बच्चों के बीच मनाकर इस दिन को उनके लिए हमेशा के लिए यादगार बना दिया। मुख्यमंत्री ने बगिया हेलीपैड के समीप स्थित बालक आश्रम बगिया पहुंचकर बच्चों के साथ केक काटा और उनके साथ समय बिताया। आश्रम के बच्चे मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। वे उत्साहपूर्वक उनके चारों ओर एकत्र हो गए और उनसे बातचीत करने लगे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से स्नेहपूर्वक संवाद किया व उनका हालचाल जाना। उनके सहज, सरल और संवेदनशील व्यवहार से बच्चे भावविभोर हो उठे, और खुशी से चहकते हुए उनसे बातें करते रहे। इस दौरान आश्रम परिसर में खुशियों और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से केक और चॉकलेट वितरित कर उन्हें जन्मदिवस की खुशी में सहभागी बनाया। बालक आश्रम बगिया में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे पढ़ते हैं, जिनमें अधिकांश बच्चे आदिवासी समुदाय से हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि, वे मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने जीवन में आगे बढ़ें और अपने परिवार, समाज तथा प्रदेश का नाम रोशन करें।

### जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने 62वें जन्मदिवस के अवसर पर दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय तथा परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की खुशहाली, शांति और निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान विधायक गोमती साय, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य, श्री भरत सिंह सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि गण, अधिकारी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री साय जन्मदिन पर पहुंचे अपने गृहग्राम बगिया

छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित जशपुर जिले के ग्राम बगिया में 21 फरवरी 1964 को जन्मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जनविश्वास, सरलता और विकासशील नेतृत्व के प्रतीक बन चुके हैं। आदिवासी अंचल से निकलकर प्रदेश के सर्वोच्च दायित्व तक पहुंचना उनकी संघर्षशील यात्रा और जनसमर्पित राजनीति का सशक्त उदाहरण है। दो वर्षों के अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश में विकास की नई दिशा निर्धारित की है। उनकी कार्यशैली में सहजता, संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच का संतुलित समन्वय दिखाई देता है। वे उन जननेताओं में से हैं जो सत्ता को सेवा का माध्यम मानते हैं।

■ सत्यनारायण कथा का श्रवण कर लिया मां का आशीर्वाद

### पंच से मुख्यमंत्री तक जनविश्वास की सतत यात्रा

विष्णुदेव साय का राजनीतिक जीवन स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी के सानिध्य में जमीनी स्तर से प्रारंभ हुआ। वर्ष 1989 में ग्राम पंचायत बगिया से पंच के रूप में सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने वाले साय वर्ष 1990 में निर्विरोध सरपंच चुने गए। इसके पश्चात उन्होंने तपकरा विधानसभा क्षेत्र से मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में 1990 से 1998 तक जन प्रतिनिधित्व किया। लोकसभा में रायगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए वे 13वीं, 14वीं, 15वीं और 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे। वर्ष 2014 से 2019 तक उन्होंने भारत सरकार में इस्पात, खान, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में दायित्व निभाया। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को सशक्त किया। 3 दिसंबर 2023 को कुनकुरी विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद 13 दिसंबर 2023 को उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### प्रदेश की जनता के हित में लिए ऐतिहासिक निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिला है और कृषि क्षेत्र को नई मजबूती प्राप्त हुई है। उनकी प्राथमिकता में किसान, गरीब और ग्रामीण समाज सदैव अग्रणी रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अब तक 26 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है।

### जननेता की पहचान सरलता और संवाद

मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की पहचान एक ऐसे जननेता के रूप में है, जो सहज उपलब्ध रहते हैं। आदिवासी पृष्ठभूमि से आने के कारण वे ग्रामीण जीवन की चुनौतियों और आवश्यकताओं को गहराई से समझते हैं। यही कारण है कि, उनकी योजनाओं में गांव, किसान, महिला और युवा केंद्र में दिखाई देते हैं। अपने दो वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री साय ने प्रशासनिक पारदर्शिता, जनसुनवाई, योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करना है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि, बगिया की धरती से निकला यह सपूत प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख रहा है। सज्जनता, सहृदयता और संकल्प से परिपूर्ण उनका नेतृत्व छत्तीसगढ़ को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहा है।

## सीएम के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में युवा मोर्चा का कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिन पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करेगा।



भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने बताया कि, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने सभी पदाधिकारी का ऑनलाइन वर्चुअल बैठक लेते हुए कहा कि, आज प्रदेश का हर परिवार सरकार की किसी-न-किसी योजना का लाभ ले रहा हैं। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5 हजार 500 रुपए में तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। प्रदेश के लगभग 27 लाख किसानों से 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 26 लाख हितग्राही लाभ ले रहे हैं। श्री टिकरिहा ने कहा कि, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। हमें मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिन पर राज्य सरकार की योजनों का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करना है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्मः नाबालिग सहित 9 गिरफ्तार

**आरोपियों ने प्रार्थी को दी थी शिकायत ना करने की धमकी**

**जशपुरनगर।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले में 9 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना नारायणपुर क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी 35 वर्षीय भतीजी व 13 वर्षीय बेटी थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत ही एक ग्राम में प्रार्थी की दीदी के यहां गए हुए थे। 17 फरवरी को वहां वापस अपने गृहग्राम में वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शाम को रास्ते में एक चौक के पास 9 लड़कों ने प्रार्थी की भतीजी व नाबालिक बेटी के साथ छेड़छाड़ की, जिससे भयभीत होकर भतीजी भाग कर घर आ गई, व प्रार्थी को घटना के संबंध में जानकारी दी। जिस पर प्रार्थी अपनी भतीजी को लेकर घटना स्थल पर गया और अपनी लड़की को आवाज दी, जिसे सुनकर आरोपी घटनास्थल से भाग गए। इसके बाद वह घटना स्थल से अपनी 13 वर्षीय नाबालिक बेटी को लेकर घर गया।



### आरोपियों ने किया था मामला दबाने का प्रयास

जब गांव वालों को उक्त घटना के संबंध में पता चला, तब आरोपियों ने प्रार्थी को पैसा देकर, मामले को दबाने की बात कहते हुए, थाना नहीं जाने व जान से मारने की भी धमकी दी। हालांकि प्रार्थी पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर थाना नारायणपुर में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137,87,96,64,65(1),70(1), 70(2)127(2), व351(2) तथा 5, 6, पॉस्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

### महिला संबंधित अपराधों पर पुलिस अत्यंत संवेदनशीलः डीआईजी

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि, थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिक बालिका से दुष्कर्म के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा, बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर जशपुर पुलिस अत्यंत संवेदनशील है, ऐसे मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### आरोपी हुए गिरफ्तार

मामला नाबालिक बालिका से दुष्कर्म से संबंधित होने एवं मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने आरोपियों पकड़ने चार टीमें गठित की थी। पुलिस की टीम ने मामले से जुड़े नाबालिग सहित 9 आरोपियों, को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी नीरज लकड़ा उम्र 23 वर्ष, 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक सहयोगियों में समीर मिंज उम्र 28 वर्ष, तेलेस्फोर मिंज उम्र 40 वर्ष, आनंद मिंज 38वर्ष, रितेश कुमार टोप्पो उम्र 29 वर्ष, सुनीत तिर्की उम्र 30 वर्ष, अविनाश तिर्की उम्र 25 वर्ष, सत्या मिंज उम्र 24 वर्ष शामिल हैं।

## सेंट जेवियर्स बंदियाखार में स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार पत्थलगांव में तीन दिवसीय स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर का आयोजन किया गया।

स्काउट्स के जन्मदाता लॉर्ड बिडेन पॉवेल के जन्मदिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में हॉली क्रॉस हायर सेकेंडरी विद्यालय पत्थलगांव से 60, प्रकाश हायर सेकेंडरी विद्यालय पत्थलगांव से 40 और सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार से 150 स्काउट्स गाइड्स और कब बुलबुल शामिल हुए । शिविर का संचालन फादर महंत एक्का की अगुवाई में किया गया। पूरे शिविर में स्काउट्स और गाइड्स के सभी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रकार के कामों को पूरा करने के लिए तैयार रहना और अनुशासन में रहना, समाज और देश हित के लिए सेवा काम करना, प्रकृति प्रेमी बनकर जीवन जीना, दैनिक जीवन में काम आने वाले चीजों का सदुपयोग करना इत्यादि। शिविर समापन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें स्काउट्स, गाइड्स और कब बुलबुल के द्वारा आकर्षक देश भक्ति गीत, कविता और नाच प्रस्तुत किए गए। जोखिम भरे पिरामिड सबका मन मोह लिया। सुंदर टेंट सजाया गया था।



इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर पुष्पा एक्का, धनुराम यादव, नित्यानंद यादव, नीलांबर यादव, मुकेश यादव, फादर प्रीतम प्रकाश पन्ना, सर सचित जैतुन और अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार स्टाफ और बच्चों का विशेष योगदान रहा।

### गांगपुर मजदूर मंच स्वतंत्र रूप से कार्य करेगा और आगामी चुनाव अकेले लड़ेगा : महासचिव

**राउरकेला।** इस्पात कारखाना की मान्यता प्राप्त संगठन आरएसएस के सहयोगी के रूप में लंबे समय तक जुड़े रहने के बाद गांगपुर मजदूर मंच ने अब स्वतंत्र रूप से कार्य करने तथा आगामी राउरकेला इस्पात कारखाना के मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन चुनाव को स्वतंत्र रूप से लड़ने का निर्णय लिया है। यह जानकारी आज सेक्टर-8 स्थित गांगपुर मजदूर मंच यूनियन कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मंच के महासचिव गोपाल दास ने दी। गांगपुर मजदूर मंच यूनियन की स्थापना स्वर्गीय जॉर्ज तिर्की के मार्गदर्शन में आदिवासी, मूलवासी एवं विस्थापित श्रमिकों को संगठित कर की गई थी। स्व. जॉर्ज तिर्की इस यूनियन के पथप्रदर्शक और मार्गदर्शक थे। गठन के बाद से ही यह यूनियन स्वतंत्र रूप से श्रमिकों के हित में कार्य करती आ रही है। गांगपुर मजदूर मंच ने राउरकेला इस्पात कारखाना के मान्यता प्राप्त यूनियन चुनाव में पहली दो बार भाग लेकर 20 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए थे, जिससे यह साबित हुआ कि श्रमिकों का मंच पर गहरा विश्वास है। उन चुनावों में विजयी होकर मान्यता प्राप्त यूनियन के रूप में कार्यरत रही।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कांसाबेल।** जोगपाल पब्लिक स्कूल कांसाबेल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक एवं कार्यशील मॉडलों को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, रोबोटिक्स, डिजिटल इंडिया, प्रदूषण नियंत्रण, वर्षा जल संचयन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली को आत्मविश्वास के साथ समझाया, जिसे अभिभावकों एवं आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। कई मॉडल दैनिक जीवन की समस्याओं के



समाधान पर आधारित थे, जो विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ और नवाचार क्षमता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रभात शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और अनुसंधान की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर जिज्ञासु बने रहने और समाज तथा राष्ट्र के विकास में विज्ञान के माध्यम से योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष कुलवंत सिंह भटिया ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के निदेशक सरनजीत सिंह भटिया ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक नवाचारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। विद्यालय के प्राचार्य शंकर कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशक्ति और कौशल को मंच प्रदान करती है। इस विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग, मार्गदर्शन एवं अथक परिश्रम सराहनीय रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मॉडल तैयार करने, प्रस्तुति कौशल विकसित करने और विषय की गहन समझ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों की उपस्थिति और उत्साहवर्धन ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जिले के सभी ब्लॉक में होगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के पशु चिकित्सालय परिसर में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोलने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसका उद्देश्य पशुपालकों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित पशु औषधियां सुलभ कराना है।

जशपुर पशु चिकित्सा सेवाएं उप संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के 8 विकासखंड में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम ये किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक समितियां अधिक जानकारी के लिए निकटतम पशु



चिकित्सालय से संपर्क स्थापित कर सकते है, ताकि निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना की जा सके। पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना से जिले के पशु पालकों को सस्ते दर पशु औषधियां उपलब्ध होंगी, जिससे पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा।




# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।*

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा


**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।





# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई



थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं।



कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



***मुंबई।*** *एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने लगाया अवैध रेत उत्खनन का आरोप

**कटेली।** कांग्रेस ने सारंगढ़ क्षेत्र के रेत घाटों में अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। इसमें कहा गया है कि सारंगढ़ अंतर्गत विभिन्न रेत खदानों में लगातार अवैध उत्खनन किया जा रहा है। तथा लापरवाही पूर्वक डंपरों के माध्यम से रेत का परिवहन हो रहा है। कई वाहनों में नंबर प्लेट तक नहीं है, जिससे नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। साथ ही रेत घाटों पर अवैध वसूली किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

### वन्यप्राणी के अवैध शिकार का आरोपी गिरफ्तार

**कटेली।** वन विभाग की टीम ने सामान्य वन क्षेत्र में जंगली सूअर के अवैध शिकार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। 20 फरवरी को क्षेत्र में जंगली सूअर का अवैध शिकार होने की सूचना वन विभाग को मिली थी। वन अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शंकरलाल साहू पिता रामभरोस साहू निवासी बोईरमाल सारंगढ़ को हिरासत में लिया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद आरोपी को व्यवहार न्यायालय प्रथम श्रेणी सारंगढ़ में पेश किया गया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क है। अवैध शिकार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### कलेक्टर ने किया बोर्ड परीक्षा का अवलोकन

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने परीक्षा केंद्र पीएमश्री स्कूल सारंगढ़ में संचालित दसवीं बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण करए वहां अनुशासन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सुचारु संचालित बोर्ड परीक्षा का अवलोकन लिया।

### छात्राओं को दी गई आत्मरक्षा की जानकारी

**राउरकेला।** कल्याणी राय डिग्री कॉलेज में महिला सुरक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, आत्मरक्षा के उपायों तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना की रिपोर्टिंग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।

## निधन/श्रद्धांजलि

### शंकर पटेल



**कोसीर।** कोसीर निवासी सुरिताराम पटेल के बड़े पुत्र शंकर लाल पटेल का निधन 59 वर्ष की आयु में हो गया। वे सरल सहज मृदु भाषी के साथ साथ समाजिक कार्यकर्ता रहे। वे पूर्व में कोसीर गांव के पंच भी रहे। पटेल समाज के प्रमुख के रूप में उनकी पहचान रही। उनके निधन से समाज को परिवार को गहरा दुख पहुंचा है।

### बालादेवी पटेल



**पुसौर।** पुसौर जनपद के कोतासुरा क्षेत्र के बीडीसी विनोद पटेल की माता बालादेवी पटेल का बीते 14 फरवरी को निधन हो गया। स्व. बाला देवी द्वारा धार्मिक गतिविधि एवं आपसी संबंधों को प्राथमिकता देने की वजह से इनका परिवार एक सूत्र में बंधा रहा।

## लगभग 22 करोड़ की कार्ययोजना तैयार, सीएसआर एवं डीएमएफ से होगा निर्माण

# हाटी से पुरुंगा तक बनेगी नई मुरूम सड़क, छाल मुख्य मार्ग पर पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खनिज प्रत्यक्ष उत्खनन से प्रभावित क्षेत्र छाल सहित आसपास के अंचलों में सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। लगभग साढ़े चार पांच किलोमीटर लंबे छाल मुख्यमार्ग के पक्कीकरण के लिए करीब 22 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है। यह निर्माण कार्य जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद और सीएसआर मद के साझा सहयोग से किया जाएगा।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान छाल के ग्रामीणों ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष खरसिया से छाल पहुंच मार्ग के लगभग चार पांच किलोमीटर जो अत्यंत खराब अवस्था में है के नए पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि सड़क निर्माण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है और इसे प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।





छाल मुख्य मार्ग और पुरंगा पहुंच मार्ग।

**स्कूली बच्चों को परेशानी से मिलेगी निजात**

छाल पहुंच मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में था, जिससे किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को परेशानी होती थी। कलेक्टर ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने धरमजयगढ़ डीएफओ से चर्चा कर निर्माण की दिशा में कार्रवाई करने कहा। ग्रामीणों ने बताया कि यह वनांचल क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है। मुख्य पक्की सड़कों से जाने पर दूरी अधिक पड़ती है, जबकि इस जंगल मार्ग से समय और श्रम दोनों की बचत होती है। स्कूली बच्चे भी विद्यालय पहुंचने के लिए इसी रास्ते से गुजरते हैं। वर्तमान में सड़क अत्यंत खराब स्थिति में है और यह क्षेत्र हाथी विचरण क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित है, ऐसे में मुरूम सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी।



# जल अर्पण कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन अंतर्गत जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम राठिया सांसद लोकसभा रायगढ़, कमलेश जांगड़े सांसद लोक सभा जांजगीर चांपा, कलेक्टर डॉ संजय कंनोजे, जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, उपाध्यक्ष अजय नायक सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप, सहायक अभियंता बीएल खरे, उप अभियंता काशीराम सूर्यवंशी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मनए ग्राम पंचायत बटाऊपाली ब के आश्रित ग्राम तिलाईपाली की सरपंच एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी मुख्य अतिथियों का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

रमाशंकर कश्यप द्वारा अतिथिगणों को सम्बोधित करते हुए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन और जल अर्पण दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। उसके बाद लोक सभा रायगढ़ क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया द्वारा सभी को सम्बोधित किया गया। सम्बोधन में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद देते हुए पानी की महत्ता को समझाया एवं प्रशासन की दूरदर्शी योजना को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने को बढ़ावा भी दिया।

# बच्चा चोरी की अफवाह से सरिया क्षेत्र में दहशत, गांवों में मुनादी भी कराई

**बरमकेला।** सरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरसिंघा में बीते शुक्रवार को बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और संदेशों के कारण ग्रामीणों में भय और असमंजस का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोबरसिंघा गांव के समीप मौहापाली गांव के पास दो लोगों को कुछ ग्रामीणों ने संदिग्ध समझ लिया। ग्रामीणों को शक हुआ कि ये लोग बच्चा चोरी की नियत से गांव में घूम रहे हैं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें रोककर पूछताछ शुरू कर दी। देखते ही देखते यह




मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया और भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जिसके बाद मामला तेजी से फैल गया। घटना से संबंधित एक वीडियो क्षेत्र के विभिन्न व्हाट्सएप समूहों तथा इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में गांव के कुछ लोग दो लोगों को घेरकर सवाल जवाब करते नजर आ रहे हैं।

**गांव में करा दी गई मुनादी**

घटना के बाद गांव में मुनादी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील तक कर दी गई। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति मुनादी करते हुए कह रहा है कि कटंगपाली और बोंदा क्षेत्र में बच्चा चोर घूमने की सूचना मिली है, इसलिए अपने बच्चों को संभालकर रखें और उन्हें नजर के सामने रखें। दूसरी ओर सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने इस पूरे मामले को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक अफवाह है। रायपुर और अन्य स्थानों की खबरों को जोड़कर यहां गलत तरीके से प्रचार किया जा रहा है। जिन दो व्यक्तियों को संदिग्ध बताया गया था, वे छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले हैं और सांप दिखाकर अपना जीवन यापन करते हैं।

# दो दशक से हरदी में अनवरत हो रही वॉलीबॉल स्पर्धा

**सरसीवां।** ग्राम हरदी सरसींवा में एकदिवसीय 21 वीं स्व. मुरलीधर प्रधान स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन ओम् युवा स्पोर्ट्स क्लब हरदी के तत्वावधान में रखा गया। प्रतियोगिता में रायगढ़, सक्ती सारंगढ़, महासमुंद जिले के आठ टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घघाटन समारोह बिलाईगढ़ जनपद सदस्य जीवन सिंह नेताम के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत गाताडीह सरपंच अमर सिंह नेताम अध्यक्षता में तथा प्रधान पाठक रोहिदास बरिहा, संकुल केंद्र घरजरा के पूर्व संकुल समन्वयक पितांबर साहू के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला लोहरसिंग एवं बिरकोल के मध्य खेला गया जो बेहद रोमांचक रहा। लोहरसिंग ने



बिरकोल को 16.20, 20.8, 15.10 से हराकर खिताब अपने नाम किया और बिरकोल की टीम उपविजेता बनी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सारंगढ़ जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी साहू थीं तथा अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिलासपुर सरपंच मीना हेमंत साहू ने की। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि शिवकुमारी अनिल साहू ने कहा कि 21 वर्षों तक लगातार प्रतियोगिता आयोजित करना क्लब एवं ग्राम हरदी के लिए बड़ी उपलब्धि है। दूरस्थ अंचल के गांव में इतना शानदार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीणों ने एक इतिहास बनाया है। इस उपलब्धि के लिए आयोजक स्पोर्ट्स क्लब को बधाई देते हुये खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने प्रेरित किया। विजेता टीम लोहरसिंह को स्व. मुरलीधर प्रधान स्मृति में 8 हजार एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम बिरकोल को स्व. बस्टम साहू की स्मृति में कैलाश साहू द्वारा 5 हजार एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक सुशांत साहू झर उड़ीसा, अमर सिंह नेताम, पदमन यादव, हिमांशु प्रधान, सुधांशु प्रधान कॉमेंटेटर अमित चौरसिया, अजय गुरुजी, संयोजक गोवर्धन साहू, संरक्षक युगल किशोर प्रधान क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा, मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान।

# प्रभावित ग्रामवासियों के साथ हुई त्रिपक्षीय वार्ता, महीने भर से भारी आंदोलन हुआ खत्म

**घरघोड़ा।** एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना से प्रभावित 8 गांवों के ग्रामवासियों, प्रशासन एवं परियोजना प्रबंधन के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक ग्राम तलईपल्ली के धरना स्थल में 20 फरवरी को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम घरघोड़ा ने की। बैठक में तहसीलदार घरघोड़ा, थाना प्रभारी घरघोड़ा तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रभावित ग्रामवासियों की विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि एनटीपीसी में



कार्यरत ठेका कंपनियों में प्रभावित ग्रामवासियों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी, जिसके लिए संबंधित कंपनियों के साथ पृथक बैठक प्रस्तावित है। पुनर्वास आवेदन की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु प्रभावित गांवों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिनमें पटवारी भी उपस्थित रहेंगे। तेंदूपत्ता से संबंधित विषय पर ग्रामवासियों को शासन अथवा न्यायालय में ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, पुनर्वास मुआवजा प्रकरणों की जांच में तेजी लाने एवं प्रभावित ग्रामों में अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया गया। त्रिपक्षीय बैठक में बनी सहमति के पश्चात अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे ग्रामवासियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने की सहमति व्यक्त की एवं धरना समाप्त किया। इसके उपरांत शनिवार 21 फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गा प्रसाद अधिकारी की अध्यक्षता में एनटीपीसी के अधिकारियों एवं संबंधित ठेका कंपनियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रभावित ग्रामवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# हवाई पट्टी में बना अस्थाई धान संग्रहण सिरदर्द



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में ग्राम लोहरसिंह में कई सालों से धान संग्रहण स्थापित है, जहां हर साल धान डंप किया जाता था। इस साल धान संग्रहण का कार्य कोड़ातराई हवाई पट्टी में अस्थाई रूप से किया जा रहा है। जहां धान की मात्रा भी कम है और उसे सुरक्षित रखने के लिए समुचित संसाधन भी है नहीं है। ऐसे में वहां कार्यरत कर्मचारियों को हमेशा भय बना हुआ है कि कहीं धान का नुकसान न हो जाए। ज्ञात हो कि लोहरसिंह धान संग्रहण केन्द्र को स्पोर्टस स्टेडियम बनाने की कवायद की जा रही है जिसके कारण वहां अब धान संग्रहण नहीं होगा। इस स्थिति में धान संग्रहण के लिए एक स्थायी और सुरक्षित स्थान की आवश्यकता है ताकि किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने में मदद मिल सके।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

# ग्रीष्मकालीन धान में पानी की खपत ज्यादा, मक्का उड़द की खेती को बढ़ावा

■ धरमजयगढ़ के पुरूंगा में 35 हेक्टेयर में मक्का एवं 10 हेक्टेयर में उड़द की खेती

**रायगढ़।** खनिज उत्खनन से प्रभावित क्षेत्रों एवं सुदूर वनांचल विकासखंड धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा, तमनार के साथ साथ मैदानी क्षेत्र रायगढ़, पुसौर और खरसिया के किसानों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन सक्रिय है। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर लाभकारी एवं वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कृषि विभाग को ठोस कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

धरमजयगढ़ विकासखंड के निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर चतुर्वेदी ग्राम पुरूंगा पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 35 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाई गई मक्का तथा 10 हेक्टेयर में बोई गई उड़द फसल का अवलोकन किया। पूर्व वर्षों में जहां किसान ग्रीष्मकालीन धान की बुवाई करते



थे, वहीं इस वर्ष कृषि विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं फसल प्रदर्शन योजना के तहत किसानों ने फसल विविधीकरण अपनाते हुए मक्का और उड़द की खेती शुरू की है। मक्का उत्पादक किसान उत्तरा पटेल एवं जनक राम पटेल ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने 2-2 हेक्टेयर में मक्का की खेती की है तथा अन्य किसानों के साथ मिलकर कुल 35 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का बोया गया है। इसके अतिरिक्त 10 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द की फसल ली जा रही है। किसानों के अनुसार वर्तमान में मक्का का संभावित विक्रय मूल्य 18 से 20 रुपए प्रति किलोग्राम मिल रहा है। एथेनॉल निर्माण से जुड़ी मां मंगला इस्पात प्राइवेट लिमिटेड से समन्वय स्थापित कर किसानों को बेहतर बाजार मूल्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

स्वामी जी
93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त